AMAR UJALA

Page No. : 06 (Gzb)

Date: 05 FEB 2020

# दृढ़ इच्छा शक्ति से जीती जा सकती है जिंदगी की जंग

माई सिटी रिपोर्टर

गाजियाबाद। विश्व कैंसर दिवस पर मंगलवार को इंडियन मेडिकल एसोसिएशन सहित अन्य चिकित्सा संगठनों ने लोगों को जागरूक किया। राजनगर एक्सटेंशन स्थित सुपरटेक सोसायटी और एचआरआईटी कैंपस में कार्यशाला के दौरान कैंसर से बचाव के बारे में बताया गया।

आईएमए की ओर से कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. राशि ने कैंसर से जुड़ी जानकारी लोगों को दी। उन्होंने बताया कि कैंसर को ठीक किया जा सकता है लेकिन इसके लिए शुरुआती दौर में इसकी पहचान होना जरूरी है। अगर स्वस्थ दिनचर्या को अपनाएं तो कैंसर के खतरे को समाप्त किया जा सकता है। धूम्रपान, शराब का सेवन कैंसर के सबसे बड़े कारण हैं। इसके अलावा दृढ़ इच्छाशक्ति से कैंसर को हराया जा सकता है। इस दौरान स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. अर्चना वर्मा, डॉ. नीलू खनेजा, त्वचा रोग विशेषज्ञ डा. भावुक मित्तल आदि मौजूद रहे। राजनगर स्थित एक हॉस्पिटल में डॉ. बीपी त्यागी ने जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। वोवेल्स ए, ई, आई, ओ, यू को जपने से कैंसर से बचा जा सकता है। ये हमारे पैरासिम्पथेटिक सिस्टम (प्रचालन तंत्र) को जागरूक करते हैं। वोवेल्स को जपने से हमारा मन शांत रहता है और यह एसिड बनने से भी रोकता है। डा. त्यागी ने बताया कि एंटी ऑक्सीडेंट्स का प्रयोग खाने में करना चाहिए।



## विश्व कैंसर दिवस पर लगाए शिविर

स्वास्थ्य विभाग ने विश्व कैंसर दिवस के मौके पर शिविर लगाए गए। जिले के 37 आरोग्य स्वास्थ्य केंद्रों पर ओरल और ब्रेस्ट कैंसर की स्क्रीनिंग की गई। स्क्रीनिंग के दौरान जिले में कैंसर का कोई संदिग्ध मामला सामने नहीं आया। हालांकि हाइपरटेंशन के 230 और डायबिटीज के 193 मरीज मिले। सभी को निशुल्क उपचार के लिए परामर्श दिया गया।

## तंबाकू सेवन से हर साल एक करोड़ लोगों की होती है मौत



मुरादनगर। आईटीएस डेंटल कॉलेज में मंगलवार को विश्व कैंसर दिवस मनाया गया। प्लेसमेंट मैनेजर राजीव मल्होत्रा ने बताया कि विश्व कैंसर दिवस पर कैंसर के वैश्विक प्रभाव को कम करने के बारे में विचार व्यक्त किए। बताया कि आईटीएस कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ाने और इसकी रोकथाम, पहचान और उपचार को प्रोत्साहित करने के लिए हमेशा काम करता आ रहा है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार भारत में करीब 12 करोड़ लोग धूम्रपान करते हैं, तंबाकू के सेवन से हर वर्ष एक करोड़ से अधिक लोगों की मृत्यु हो जाती है। कैंसर की रोकथाम के लिए आईटीएस डेंटल कॉलेज ने गाजियाबाद फर्रुखनगर में शिविर लगाया। इसमें सभी रोगियों को मौखिक कैंसर के बारे में पर्चे बांटे गए तथा धूम्रपान की आदतों को छोड़ने के लिए प्रेरित भी किया गया। शिविर में सभी मरीजों की मौखिक कैंसर की जांच की गई। कैंसर के दुष्परिणामों के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए मुरादनगर कस्बे में रैली निकाली गई। कार्यक्रम का सफल आयोजन चेयरमैन डॉ. आरपी चड्ढा और वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा के सहयोग से हुआ।

## मदरसा दारूलउलूम सादिया में निशुल्क जांच

मुरादनगर। विश्व कैंसर दिवस पर ईदगाह कॉलोनी स्थित मदरसा दारुलउलूम सादिया में जगन्नाथ धर्मार्थ कैंसर हास्पिटल के डॉक्टरों ने निशुल्क जांच शिविर लगाया। शिविर का उद्घाटन मरकज मस्जिद के इमाम मुफ्ती शाहनवाज, डॉ. राजपाल सिंह तोमर, डॉ. फहीम सैफी ने संयुक्त रूप से किया। संचालन कांग्रेस नेता महताब पठान ने किया। शिविर में डॉ. राजीव शर्मा, डॉ. महिमा, डॉ. भूपेंद्र सिंह, नीतू, शुभम रावत, जाहिद, साजिद, रजनी, सोनू आदि ने हिस्सा लिया। मदरसा मोहतमीम कारी खलील मौलाना, रिजवान कारी, अमीर कारी, जुबेर, आशक अली ने मरीजों के चैकअप कर कैंसर से बचने के सुझाव भी दिए।

दैनिक हिन्ट

Page No. 03

Date:- 05-02-2020

# आईटीएस कॉलेज में विश्व कैंसर दिवस पर कार्यक्रम आयोजित



हिन्ट संवाददाता

गाजियाबाद। मुरादनगर स्थित आईटीएस डेंटल कॉलेज में विश्व कैंसर दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ग्रुप के चेयरमैन डॉ. आरपी चड्ढा तथा वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने कैंसर के वैश्विक प्रभाव को कम करने के बारे में अपने विचार व्यक्त किए।

कॉलेज द्वारा फर्रुखनगर में कैंसर की रोकथाम के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। लोगों को मौखिक कैंसर को लेकर जागरुक किया गया। मरीजों की मौखिक कैंसर की जांच की गई तथा सभी मरीजों को नियमित रूप से मौखिक स्वास्थ्य की जांच कराने और उन्हें शुरूआती परिवर्तनों से अवगत कराने के लिए स्व परीक्षा का प्रदर्शन किया गया। गांव के प्रधानों, स्वास्थ्य देखभाल कर्मियों जैसे हितधारकों की पहचान की गई और उन्हें इस घातक बीमारी के बारे में बताया गया।

Dainik Jagran

Page No.: II

Date: 05 FEB 2020

# कैंसर के प्रति जागरूकता के लिए रैली निकाली

## आइटीएस कॉलेज में गांव में जांच शिविर लगाया गया, धूमपान की आदतों को छोड़ने को प्रेरित किया गया

संवाद सहयोगी, मुरादनगर : हाईवे स्थित आइटीएस कॉलेज के तत्वावधान में विश्व कैंसर दिवस पर गांव में जांच शिविर आयोजित किया गया। लोगों की जागरूकता के लिए रैली निकाली।

मंगलवार को विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर आइटीएस कॉलेज के डॉक्टरों की टीम ने ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों के लिए जांच शिविर आयोजित किया। शिविर में लोगों की जांच कर उसके बारे में जानकारी दी और कैंसर की बीमारी से बचाव के बारे में लोगों को जानकारी देते हुए जागरूक किया। कैंसर से जागरूक करने के लिए रैलियां निकाली। विश्व कैंसर दिवस पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका विषय 'मैं हूं और मैं करूंगा' रहा है।



विश्व कैंसर दिवस पर आयोजि शिविर में लोगों के जबड़े की जांच करते आइटीएस कालेज के चिकित्सक • सौजन्यः आइटीएस

इस मौके पर कॉलेज के चेयरमैन डॉ. आरपी चड्ढा व वाईस चेयरमैन डॉ. अर्पित चड्ढा ने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि संस्थान ने स्वास्थ्य सेवाओं का उपयोग करने और दंत चिकित्सा प्रदान करने के उद्देश्य से ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में सात सेटेलाइट केंद्रों की सुविधा भी उपलब्ध कराई हुई है। इस मौके पर लोगों को जागरूक करने के लिए मौखिक कैंसर के बारे में पर्चे बांटे गए और धूमपान की आदतों को छोड़ने को प्रेरित किया गया।

## नि:शुल्क कैंसर जांच शिविर आयोजित

संवाद सहयोगी, मुरादनगर : विश्व कैंसर दिवस पर थाना क्षेत्र की कॉलोनी में निःशुल्क कैंसर जांच शिविर लगाया गया। नीमा के तत्वावधान में विश्व कैंसर दिवस पर ईदगाह कॉलोनी में जगन्नाथ धर्मार्थ कैंसर हास्पिटल के डॉक्टरों ने फ्री चिकित्सा जांच शिविर आयोजित किया। इसका शुभारंभ इमाम मुफ्ती शाहनवाज व नीमा अध्यक्ष डॉ. राजपाल तोमर, डॉ. फहीम सैफी ने किया। संचालन कांग्रेस नेता महताब पठान ने किया। चिकित्सा शिविर में डॉ. राजीव शर्मा, डॉ. महिमा, डॉ. भूपेंद्र सिंह, डॉ. खालिद रहे। इस मौके पर शुभम रावत, जाहिद साजिद, रजनी, सोनू, खलील मौलाना, रिजवान कारी, अमीर कारी, जुबेर व आशक अली फौजी रहे।

## विद्यार्थियों को कैंसर रोग की दी जानकारी

संवाद सहयोगी, मोदीनगर : गांव गदाना स्थित किरणमाला सुरेशचंद जैन सरस्वती विद्या मंदिर हायर सेकेंडरी स्कूल एवं सरस्वती शिशु मंदिर में मंगलवार को विश्व कैंसर दिवस के मौके पर गोष्ठी आयोजित की गई। इसमें छात्र-छात्राओं को कैंसर की बीमारी के बारे में जानकारी दी गई। आयुर्वेदाचार्य विशेषज्ञ विशाल गुप्ता ने कैंसर से बचाव के बारे में छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को बताया। इस मौके पर मधुकांत शर्मा, हर्ष कुमार, अलका गर्ग आदि शिक्षकों ने भी जानकारी दी। इस मौके पर विजय कुमार, गोपाल कृष्ण, कांता प्रसाद आदि मौजूद रहे।

Hindustan (Hindi)

Page No. : 02 (Gzb.)

Date : 05 FEB 2020

# तीन हजार लोगों की जांच में कैंसर के लक्षण नहीं

गाजियाबाद | कार्यालय संवाददाता

स्वास्थ्य विभाग के महानिदेशक के आदेश पर मंगलवार को जनपद में 37 आरोग्य स्वास्थ्य केंद्रों पर ओरल और ब्रेस्ट कैंसर की स्क्रीनिंग की गई। इसमें तीन हजार लोगों की स्क्रीनिंग की गई। इसके साथ ही इन केंद्रों पर चार हजार सी-बैक फार्म भी भरवाए गए। स्क्रीनिंग के दौरान जनपद में कोई कैंसर का संदिग्ध मामला प्रकाश में नहीं आया है। हालांकि मंगलवार को हुई स्क्रीनिंग में हाइपर टेंशन के 230 और मधुमेह के 193 मामले जरूर सामने आए हैं।

मंगलवार को 33 शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों (अर्बन पीएचसी) के अलावा जनपद की चार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों (सीएचसी) पर कैंसर दिवस पर विशेष स्क्रीनिंग अभियान चलाया गया। सभी 37 आरोग्य केंद्रों पर मंगलवार को कुल चार हजार सी-बैक फार्म भरवाए गए। इनमें से 193 लोगों में मधुमेह की बीमारी मिली।

हाइपर टेंशन के भी 230 मरीजों की पहचान की गई है। ओरल कैंसर की जांच के लिए कुल तीन हजार लोगों की स्क्रीनिंग की गई लेकिन किसी में कैंसर के लक्षण नहीं मिले हैं। इसके अलावा एक हजार से अधिक महिलाओं की ब्रेस्ट कैंसर के लिए स्क्रीनिंग हुई है। गैर संचारी रोगों के नोडल अधिकारी और एसीएमओ डॉ. नीरज कुमार अग्रवाल ने यह जानकारी दी।



विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर डासना सीएचसी में जांच कराते लोग। • हिन्दुस्तान

**आईएमए ने किया जागरूकः** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की ओर से विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर मंगलवार को राजनगर की एक सोसाइटी में कैंसर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रेडियोथेरेपिस्ट डॉ. राशि ने सौ से ज्यादा लोगों को जागरूक किया। उधर आईटीएस डेन्टल कॉलेज मोदीनगर में विश्व कैंसर दिवस पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसका शुभारम्भ चेयरमैन आरपी चड्ढा ने किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि वैश्विक कैंसर महामारी के खिलाफ लड़ाई में पूरी दुनिया एकजुट हो सकती है।

# Nav Bharat Times (Hindi)

**Page No. : 02 (Gzb.)** **Date : 05 FEB 2020**




## आईटीएस डेंटल कॉलेज में लोगों की जांच की गई

**किया जागरूक :** आईएमए की ओर से जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में कैंसर विशेषज्ञ डॉ.राशि व डॉ.अर्चना वर्मा, डॉ.नीलू खनेजा ने लोगों को कैंसर के बारे में जागरूक किया। आईएमए अध्यक्ष डॉ.वी.बी.जिंदल ने बताया कि कैंप में कैंसर के प्रारंभिक लक्षणों और उनसे बचाव के बारे में जानकारी दी गई। वहीं, आरडीसी स्थित हर्ष क्लीनिक में डॉ.बी.पी.त्यागी और उनकी टीम ने लोगों को माउथ कैंसर के बारे में जागरूक किया।

## संबोधित किया

■ **एनबीटी न्यूज, मुरादनगर :** आईटीएस डेंटल कॉलेज में मंगलवार को विश्व कैंसर दिवस मनाया गया। कॉलेज के चेयरमैन डॉ. आरपी चड्ढा और अर्पित चड्ढा ने संबोधित किया।